वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

वित्तीय सेवाएं विभाग में अप्रैल 2024 के दौरान महत्वपूर्ण घटनाक्रम इस प्रकार हैं:-

i. दिनांक 22.4.2024 को सीपीग्राम्स पोर्टल से रैंडम आधार पर चयनित बीस (20) शिकायतों की संबंधित शिकायतकर्ताओं और आरबीआई /इरडाई/पीएसबी/पीएसआईसी/पीएसएफआई के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभाग में समीक्षा की गई थी। डीएफएस के संगठनों को अपने स्तर पर इसी प्रकार की बैठकें आयोजित करने की सलाह दी गई है।

ii. दिनांक 25.4.2024 को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय बैंक संघ के कार्यक्रम में "आर्थिक विकास; ग्राहक प्रसन्नता; रेजिलियेंट बैंकिंग" विषय पर पीएसबी सुधार एजेंडा, ईज 7.0, का अनावरण किया गया था। ईज 5.0 के लिए एक दृष्टांत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। इन कार्यक्रमों में सभी पीएसबी के अध्यक्षों/प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, कार्यपालक निदेशकों और ईज के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

iii. दिनांक 26.2.2024 को स्टार्ट-अप और फिनटेक कंपनियों के साथ माननीय वित्त मंत्री की बातचीत को जारी रखते हुए, विभाग ने दिनांक 30.4.2024 को विधि प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) और स्टार्ट-अप और फिनटेक इकोसिस्टम के भागीदारों के साथ अर्ध-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। लगभग 60 फिनटेक कंपनियों, 4 फिनटेक संस्थाओं, 23 राज्य पुलिस विभागों, सीबीआई, ईडी, एफआईयू-भारत और केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों, विनियामकों और अन्य एजेंसियों के प्रमुखों ने भाग लिया।

iv. दिनांक 30.4.2024 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी), निजी क्षेत्र के बैंकों और आईबीबीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ आईबीसी के अंतर्गत प्रवेश के लिए लंबे समय से लंबित शीर्ष 5 मामलों पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी।

v. अन्य नियमित उपायों और महत्वपूर्ण घटनाक्रमों का विवरण इसके साथ संलग्न है।

संलग्न: यथोक्त

## वित्तीय सेवाएं विभाग के अन्य नियमित कार्यकलाप

### 1. प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत प्रगति :

| योजनाएं | दिनांक 24.4.2024 की स्थिति के अनुसार उपलब्धियां (योजना को आरंभ किए जाने से लेकर) | वित्तीय वर्ष 2024-25 में वृद्धि (दिनांक 24.4.2024 की स्थिति के अनुसार) | अप्रैल, 2024 में वृद्धि (दिनांक 24.4.2024 तक) |
|---|---|---|---|
| प्रधानमंत्री जन धन योजना (**पीएमजेडीवाई**) | | | |
| ● पीएमजेडीवाई खातों की संख्या | 52.09 करोड़ | 14.36 लाख | 14.4 लाख (9.0 लाख ग्रामीण + 5.4 लाख शहरी) |
| ● जमाराशि | 2,30,311 करोड़ रूपये | (-2191.2) करोड़ रूपये | (-2191.2) करोड़ रूपये |
| ● रूपे कार्ड की संख्या | 35.43 करोड़ | 8.58 लाख | 8.58 लाख |
| प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (**पीएमएसबीवाई**) | | | |
| ● नामांकन | 44.09 करोड़ | 29 लाख | 29 लाख |
| ● संवितरित दावों की संख्या | 1,35,780 | 1,207 | 1,207 |
| प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (**पीएमजेजेबीवाई**) | | | |
| ● नामांकन | 20.07 करोड़ | 16 लाख | 16 लाख |
| ● संवितरित दावों की संख्या | 7,85,803 | 7,884 | 7,884 |
| अटल पेंशन योजना (**एपीवाई**) (30.04.2024) | 6.48 करोड़ | 4.81 लाख | 4.81 लाख |

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई)**

| | योजना को आरंभ किए जाने से लेकर (दिनांक 26.4.2024 तक की स्थिति के अनुसार) | | वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान (दिनांक 26.4.2024 तक) | | अप्रैल, 2024 के दौरान (दिनांक 26.4.2024 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | खातों की संख्या (करोड़ में) | राशि (लाख करोड़ रुपए में) | खातों की संख्या (करोड़ में) | राशि (लाख करोड़ रुपए में) | खातों की संख्या (करोड़ में) | राशि (लाख करोड़ रुपए में) |
| शिशु | 38.50 | 10.89 | 0.08 | 0.03 | 0.08 | 0.03 |
| किशोर | 8.52 | 11.28 | 0.06 | 0.08 | 0.06 | 0.08 |
| तरूण | 0.97 | 6.87 | 0.01 | 0.03 | 0.01 | 0.03 |
| **कुल** | **47.99** | **29.04** | **0.15** | **0.14** | **0.15** | **0.14** |
| एससी/एसटी/ओबीसी (कुल में शामिल) | 24.13 | 10.14 | 0.08 | 0.06 | 0.08 | 0.06 |
| महिलाएं (कुल में से) | 32.66 | 12.92 | 0.16 | 0.08 | 0.16 | 0.08 |

**स्टैण्ड अप इंडिया (एसयूआई)**

| एसयूआई | योजना को आरंभ किए जाने से लेकर (दिनांक 30.4.2024 तक की स्थिति के अनुसार) | | वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान (दिनांक 30.4.2024 तक) | | अप्रैल , 2024 के दौरान (दिनांक 30.4.2024 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | खातों की संख्या | राशि (करोड़ रुपए में) | खातों की संख्या | राशि (करोड़ रुपए में) | खातों की संख्या | राशि (करोड़ रुपए में) |
| अजा. | 38,110 | 8,080.54 | 677 | 172.31 | 677 | 172.31 |
| अजजा. | 12,775 | 2,742.84 | 197 | 40.35 | 197 | 40.35 |
| महिलाएं | 1,77,515 | 40,775.00 | 1,985 | 523.98 | 1,985 | 523.98 |
| **कुल** | **2,28,400** | **51,598.38** | **2,859** | **736.64** | **2,859** | **736.64** |

2. **किसान क्रेडिट कार्ड विशेष परिपूर्णता अभियान:** किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के अंतर्गत पीएम- किसान लाभार्थियों, डेयरी किसानों और मछुआरों सहित किसानों को केसीसी के माध्यम से रियायती ऋण उपलब्ध कराया जाता है। बैंकों और अन्य हितधारकों द्वारा किसानों को किफायती ऋण प्रदान करने की दिशा में निरंतर और ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप, 26 अप्रैल, 2024 की स्थिति के अनुसार, 6,27,168 करोड़ रुपए की स्वीकृत ऋण सीमा के साथ केसीसी योजना के अंतर्गत 506.16 लाख किसानों (पशुपालन और डेयरी किसानों तथा मछुआरों सहित) को शामिल करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। विगत वर्षों में केसीसी लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए कई अभियान चलाए गए हैं। 1 मई, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक के लिए इस अभियान को फिर से शुरू किया गया है। 12 अप्रैल, 2024 की स्थिति के अनुसार, 2,48,613 शिविर लगाए गए हैं और इस विशेष साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत कुल 34,74,103 केसीसी स्वीकृत किए गए हैं।

3. **कृषि के लिए ऋण प्रवाह:** वर्ष 2023-24 में कृषि ऋण का लक्ष्य 20.00 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। कुल लक्ष्य की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 31.3.2024 तक उपलब्धि 24.84 लाख करोड़ रुपये है, जो लक्ष्य का 124% है।

4. **अकाउंट एग्रीगेटर:** दिनांक 30.4.2024 की स्थिति के अनुसार, 59 वित्तीय संस्थाओं (एफआई) ने वित्तीय सूचना प्रदाता (एफआईपी) के रूप में, 337 एफआई ने वित्तीय सूचना उपयोगकर्ता (एफआईयू) के रूप में तथा 91 एफआई ने एफआईपी तथा एफआईयू दोनों के रूप में कार्य करना आरंभ किया है। 2.12 बिलियन पात्र बैंक खातों (जिसमें 1.64 बिलियन बैंक खाते शामिल हैं) में से लगभग 67 मिलियन उपयोगकर्ताओं ने अपने खाते को एए ढांचे से संबद्ध किया है तथा ग्राहकों की सहमति से एए ढांचे के माध्यम से 71.66 मिलियन आंकड़े सफलतापूर्वक साझा किए गए हैं।

5. **पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना (पीएम स्वनिधि):** दिनांक 30.4.2024 की स्थिति के अनुसार 11,937.44 करोड़ रुपये की राशि के कुल 88.56 लाख ऋण आवेदन स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 84.63 लाख ऋण आवेदनों में 11,355.13 करोड़ रुपये की राशि संवितरित की गई है।

6. **खातों को आधार से जोड़ना:** दिनांक 26.4.2024 की स्थिति के अनुसार, 170.50 करोड़ कासा खातों में से 148.53 करोड़ खातों (87.1%) को आधार से जोड़ दिया गया है।

7. **पीएमजेडीवाई खाताधारकों को बीमा कवरेज:** पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत क्रमशः 6.28 करोड़ और 15.34 करोड़ पीएमजेडीवाई खाताधारकों का नामांकन किया गया है जिनमें से अप्रैल, 2024 के दौरान पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत क्रमशः 2.94 लाख और 36.14 लाख पीएमजेडीवाई खाताधारकों का नामांकन किया गया है।

******